हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 12 जुलाई 2025

11 अखिल भारतीय साहित्य परिषद नारनौल इकाई का पुनः डा. जितेंद्र...



12 अटेली-महेंद्रगढ़ जर्जर सड़क के पुननिर्माण के लिए लगा...



MR DEGREE COLLEGE
।। तमसो मा ज्योतिर्गमय ।।
Affiliated to Indira Gandhi University, Meerpur (Rewari)
GET UPTO 100% SCHOLARSHIP
COURSE AVAILABLE
B.SC. (Medical) / B.SC. (Non-Medical)
B.A. / B.COM / M.SC. (Phy. & Chem.)
B.Ed. / JBT / D-PHARMA
ADMISSION OPEN
Session 2025-26
For Admission Visit College Campus
Bus Facility Available From All Routes
MITTERPURA (M/GARH) HRY.
9466886066, 9416903367, 9416903021
mrcollegemitterpura@gmail.com

## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**नारनौल।** निजामपुर के रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में चढ़ते वक्त करीब 70 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। महिला बांयल गांव से अपने पीहर रेवाड़ी जिला के गांव खोल जाना चाह रही थी, लेकिन ट्रेन हादसे की शिकार हो गई। करीब 70 वर्षीय चमेली पत्नी पूर्णसिंह वासी गांव बांयल अपने पीहर खोल जाने के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए निजामपुर पहुंची थी। प्रातः करीब 11 बजे जब मदार पैसेंजर ट्रेन निजामपुर आई तो उक्त महिला चमेली देवी भी उसमें चढ़ने लगी।

### कल होगी रविदास महासभा की बैठक

**नारनौल।** रविदास महासभा की आम सभा की बैठक 13 जुलाई को सुबह 11 बजे गुरु रविदास आश्रम ढींढासर में होगी। इसकी अध्यक्षता बलबीर सिंह बबेरवल करेंगे। बैठक का संचालन सभा के महासचिव रमेश चंद होगी। सभा के कार्यकारिणी के वर्तमान अवधि सितम्बर मास के पहले हप्ते मे समाप्त हो रही है। नई कार्यकारिणी के संगठन के लिए चुनाव प्रक्रिया पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। पिछली तिमाही के सभा के आय व व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा।

### इनेलो एससी सैल की बैठक कल

**नारनौल।** इण्डियन नेशनल लोकदल एससी सैल की बैठक 13 जुलाई को दोपहर एक बजे नई मण्डी स्थित लाला सतनारायण गुप्ता के कार्यालय में होगी। जिला प्रवक्ता नवनीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि बैठक में मुख्य वक्ता एससी सैल के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर दास पहलवान व एससी सैल के प्रदेश प्रभारी वेद मुंडे होंगे। बैठक की अध्यक्षता एससी सैल के जिला प्रधान ज्ञानेश्वर निंबल करेंगे।

### 25.06 ग्राम हेरोइन सहित आरोपी काबू



**नारनौल।** जिला नशा मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए पुलिस टीम ने नशीले पदार्थ सहित एक युवक को काबू किया है। जिसकी पहचान मनप्रीत वासी मौहल्ला गुरुनानकपुरा के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपित के पास से करीब 25.06 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपित के खिलाफ थाना शहर नारनौल में मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया।


---

- नांगल चौधरी के पूर्व विधायक डा. अभय सिंह यादव ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर की मांग

# नसीबपुर मैदान में राव तुलाराम की कास्य की बड़ी प्रतिभा भी हो स्थापित, निजी हित की बजाय दिल्ली में बंद कॉलेज हो ओपन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के राजनीति विरोधी कहे जाने वाले भाजपा में नांगल चौधरी के पूर्व विधायक डा. अभय सिंह यादव ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा है। इस मांग पत्र में उन्होंने नसीबपुर मैदान में शहीद स्मारक को भव्य रूप देने के साथ साथ वहां अमर शहीद राव तुलाराम की कास्य की बड़ी प्रतिभा स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने यह मांग उस समय की है जब एक तरफ उनके प्रयासों से तैयार कोरियावास मेडिकल कॉलेज के नामकरण को लेकर विवाद चल रहा है। यहीं नहीं, डा. अभयसिंह ने इस पत्र में दिल्ली में दशकों पुराने अमर शहीद राव तुलाराम की याद में बने कॉलेज को पुनः प्रारम्भ की भी मांग की है। उनका कहना है कि दुर्भाग्यवश यह कॉलेज लंबे समय से बंद है। इस कॉलेज प्रांगण का उपयोग किसी निजी/क्लब आदि द्वारा निजी हित के लिए किया जा रहा है। दिल्ली सरकार से संपर्क करके इस कॉलेज को पुनः प्रारम्भ किया जा सकता है।



नारनौर। मुख्यमंत्री को भेजा गया पत्र।

#### शहीद स्मारक के लिए यह की मांग

सीएम नायब सैनी को शुक्रवार भेजे गए पत्र में पूर्व विधायक डा. अभय सिंह यादव ने कहा है कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार नारनौल नगर परिषद में स्थित नसीबपुर गांव में अमर शहीद राव तुलाराम की स्मृति में एक शहीद स्मारक का निर्माण किया जाना है। नसीबपुर का मैदान 1857 की उस लड़ाई का साक्षी है जिसमें अमर शहीद राव तुलाराम के नेतृत्व में हमारों यौद्धाओं ने अंग्रेजी सेना के साथ लड़ते हुए अपने प्राणों की आहूति दी थी। नसीबपुर की इस युद्ध भूमि से पूरे अहीरवाल की भावनाएं जुड़ी हुई है और राव तुलाराम इस क्षेत्र के महानायक रहे हैं। अतः इस शहीद स्मारक के निर्माण में विलंब क्षेत्र की भावनाओं को आहत करता है। यहां एक राष्ट्रीय स्तर का शहीद स्मारक बनाया जाए, जिसमें नसीबपुर की लड़ाई सहित सभी प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों और उन द्वारा किए गए संघर्ष और बलिदान की जीवन्त चित्रण किया जाए। यहां एक विशाल काम्पलेक्स के रूप में विकसित किया जाए, जिसमें शहीद स्मारक के अतिरिक्त संग्रहालय, सभा, भवन, तरणताल, जिम हाल, लाइब्रेरी एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध हों एवं जो इस क्षेत्र का मुख्य आकर्षण बन सके। इसी काम्पलेक्स में राव तुलाराम की एक विशाल कास्यं प्रतिभा भी स्थापित की जाए जो इस क्षेत्र की आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहे।

#### सामूहिक योगदान से बना था कॉलेज



डा. अभय सिंह यादव

पूर्व विधायक ने पत्र के माध्यम से बताया है कि दिल्ली में राव तुलाराम मार्ग पर स्थित अमर शहीद राव तुलाराम की याद में समस्त अहीरवाल एवं दिल्ली प्रदेश के लोगों के सामूहिक योगदान से कई दशक पहले राव तुलाराम कॉलेज का निर्माण किया गया था। यह कॉलेज दशकों तक दिल्ली विश्वविद्यालय के साउथ काम्पलेक्स का एक अग्रणी कॉलेज रहा है। परंतु दुर्भाग्यवश यह कॉलेज लंबे समय से बंद है तथा इस कॉलेज प्रांगण का उपयोग किसी निजी/क्लब आदि द्वारा निजी हित के लिए किया जा रहा है। अतः अनुरोध है कि दिल्ली सरकार से संपर्क करके इस कॉलेज को पुनः प्रारम्भ किया जाए ताकि अमर शहीद राव तुलाराम की यह यादगार राष्ट्रीय राजधानी में बनी रहे और विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करती रहे। यह क्षेत्र आपका आभारी रहेगा यदि आप इस स्मारक के निर्माण का कार्य अगले कुछ मास में प्रारम्भ करवा दें।

---

## मनमर्जी कर बिजली के नए पोल लगा रहा ठेकेदार, लोगों ने निगम को दी शिकायत

# पोल शिफ्टिंग का कार्य शुरू, बिजली निगम की कार्यप्रणाली पर व्यापारी ने जताया रोष

- 11 हट्टा बाजार की सड़क पर 46 लाख की लागत से शिफ्ट होने हैं 48 बिजली के पोल, सड़क के बीचोंबीच लगे पोल के कारण बनी रहती है जाम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर में 11 हट्टा बाजार में बिजली निगम द्वारा पोल शिफ्टिंग का कार्य शुरू होने के साथ ही विवाद खड़ा हो गया है। स्थानीय लोगों ने ठेकेदार पर गलत तरीके पोल लगाने का आरोप लगाते हुए बिजली निगम को शिकायत दी है। बता दें कि इस मार्ग को पुराने नारनौल रोड के नाम से जाना जाता हैं।

इस मार्ग पर शहर के मुख्य बाजार भी लगता हैं। इसके अलावा नारनौल से रेवाड़ी की जाने का भी सबसे छोटा रास्ता हैं। इस मार्ग पर मसानी चौक, पाठशाला रोड, परशुराम चौक, 11 हट्टा बाजार, बास मोहल्ला, सैनीपुरा, गुर्जरों की ढ़ाणी में हजारों की संख्या में लोग रहते हैं। सड़क का निर्माण टूटी सड़क के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

मई माह में नगर पालिका की ओर से 11 हट्टा बाजार की सड़क का टेंडर छोड़ा गया था। जून माह में नपा की ओर से इस मार्ग से पक्का अतिक्रमण हटवा कर करीब 2.81 करोड़ रुपये की लागत से सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया था, लेकिन सड़क के बीच खड़े बिजली के पोल के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी रहीं थी।



महेंद्रगढ़। ठेकेदार द्वारा लगाए गए पुराने पोल के साथ नए पोल को दिखाती महिला।

#### यह दी शिकायत

बिजली निगम के एसडीओ को दी शिकायत में रवि, नरेश, कुनाल, हर्ष, ढेवा, ताराचंद, सोनू चौहान, दिनेश, प्रवीन, प्रीतम, तेजपाल, हरिराम, मनोज कुमार, जयपाल, महाबीर सिंह, विकास व कृष्ण ने बताया कि पोल शिफ्टिंग कार्य बिना किसी ठोस योजना और पारदर्शिता के किया जा रहा है। उनका आरोप है कि ठेकेदार अपनी मनमर्जी से नए पोल गाड़ रहा है। जिससे भविष्य में और अधिक असुविधा उत्पन्न हो सकती है। निगम द्वारा उन्हें न तो पूर्व में कोई सूचना दी गई और न ही क्षेत्र के लोगों की राय ली गई। व्यापारियों का यह भी कहना है कि जिस तरह से बिना प्लानिंग के पोल शिफ्ट किए जा रहे हैं, वह सड़क को और संकरी बना देंगे और जाम की समस्या जस की तस बनी रहेगी।

#### व्यापारियों से बातचीत

##### बिना योजना के लगाए जा रहे पोल: सैनी



स्थानीय दुकानदार धनश्याम सैनी का कहना है कि ठेकेदार द्वारा बिना किसी योजना के जल्दबाजी के पोल लगाए जा रहे है। कई पोल पुराने के पोल के साथ ही लगा दिए है। इस बारे में ठेकेदार से बात की गई थी। लेकिन उसके बाद भी ठेकेदार अपनी मर्जी से पोल लगा रहा है।

##### समस्या रहेगी ज्यों की त्यों: तिवाड़ी



स्थानीय निवासी विकास तिवाड़ी का कहना है कि 11 हट्टा में बीच में खड़े पोल के कारण लोगों को परेशानी हो रहीं है। लेकिन ठेकेदार फिर से उसी स्थान पर पोल लगाए रहे है। इससे समस्या का कोई समाधान नहीं होगा। समस्या ज्यों की त्यों बनी रहेगी।

##### बिजली निगम को दी है शिकायत: रवि



स्थानीय निवासी रवि का कहना है कि ठेकेदार के मनमानी से स्थानीय लोगों में काफी रोष है। स्थानीय लोगों को इसकी शिकायत बिजली निगम के एसडीओ को शिकायत दी है। अगर सही तरीके से पोल लगाए जाएंगे तो लोगों को काफी फायदा मिलेगा।

#### 48 पोल होने है शिफ्ट

गत दिनों की नपा की ओर से पोल शिफ्टिंग के लिए 46 लाख रुपये का भुगतान किया था। शुक्रवार को बिजली निगम के ठेकेदार ने पोल शिफ्टिंग का कार्य शुरू कर दिया है। लेकिन स्थानीय लोगों ने ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए बिजली निगम को शिकायत दी है।

**अधिकारियों के साथ 11 हट्टा बाजार किया है दौरा:** नगर पालिका के प्रधान रमेश सैनी का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आया था। उन्होंने नपा सचिव गौरव सांगवान के साथ पोल शिफ्टिंग का कार्य मुआयना किया है। ठेकेदार की ओर से गलत तरीके पोल लगाए जा रहे है। इस बारे में बिजली निगम के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। पोल सही तरीके से लगवाए जाएंगे।

---





नारनौल। अस्पताल में छापामार कार्रवाई करती संयुक्त टीम तथा अस्पताल में बिना इंजेक्शन दवा की खाली बोतल। फोटो: हरिभूमि

# सीएम फ्लाइंग और सीआईडी की छापेमारी

## बिना लाइसेंस चल रहा निजी अस्पताल

- मरीजों को दी जा रही थी एलौपेथी दवा, दस्तावेज भी नहीं दिखा पाया संचालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

झोलाछाप डॉक्टरों की शिकायत के आधार पर शुक्रवार दोपहर सीएम फ्लाइंग व सीआईडी टीम ने निजामपुर क्षेत्र के गांव धौलेड़ा में छापेमारी की। यहां एक निजी अस्पताल चला रहे संचालक के पास लाइसेंस मांगा तो वह कुछ भी दस्तावेज टीम को नहीं दिखा पाया। यहां पर एलौपेथी की दवा भी मरीजों को दी जा रही थी। फिलहाल निजामपुर पुलिस थाना में शिकायत दी गई है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे मुख्यमंत्री उड़न दस्ता रेवाड़ी और गुप्तचर विभाग नारनौल की संयुक्त टीम ने एचएसआईआईडीसी मैनेजर ज्ञानवीर सिंह के बतौर ड्यूटी मजिस्टेट की अगुवाई में यह कार्रवाई की गई। इस संयुक्त टीम ने गांव धौलेड़ा में चल रहे निजी अस्पताल पर छापेमारी की। इस दौरान यहां पर श्रवण कुमार वासी कैमला कनीना मिला। बताया जा रहा है कि यह चिकित्सक के तौर पर काम कर रहा था और मरीजों का इलाज भी कर रहा था। जब टीम द्वारा उससे अस्पताल के दस्तावेज मांगे तो वह दस्तावेज दिखाने में असमर्थ रहा। उसके पास अस्पताल से संबंधित कोई रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया। ना ही कोई वैलिड डिप्लोमा डिग्री पाई गई। पूछने पर टीम को बताया कि वह आयुर्वेद के डॉक्टर हैं लेकिन यह एलोपैथी की दवाइयां भी मरीजों को दे रहे थे। इस पर स्वास्थ्य विभाग से आए हुए डॉक्टरों ने लिखित में इसकी शिकायत थाना निजामपुर प्रबंधक को दी। जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और अस्पताल संचालक को राउंडअप किया गया।


---

## सागरपुर में ट्रांसफार्मर पर बिजली के तार से राष्ट्रीय पक्षी हुई मौत, ज्ञापन सौंपा

**मंडी अटेली।** बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा के सिहमा ब्लाक प्रधान मास्टर बलवंत सिंह एवं अटेली मण्डी ब्लाक प्रधान डॉ. राजेन्द्र प्रसाद खरब ने शुक्रवार को सागरपुर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के सामने ट्रांसफार्मर पर बिजली के तारों में उलझने से राष्ट्रीय पक्षी हुई मौत को लेकर सिहमा बिजली उपमण्डल कार्यालय में जेई अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि आए दिन हो रही पक्षियों की दर्दनाक मौत बिजली उपभोक्ताओं की अनदेखी पर गहरी चिंता है। सागरपुर में राष्ट्रीय पक्षी की दर्दनाक मौत से यही लगता है कि बिजली उपमण्डल कार्यालय सिहमा ने पहले की घटनाओं से कोई सबक नहीं लिया। इस मौके पर बलवंत सिंह ने बताया कि बिजली विभाग की अनदेखी के चलते आए दिन होने वाली पक्षियों की मौत की घटनाएं घटित हो रही हैं, जिस पर तत्काल रोक लगाई जाना पशु-पक्षियों के जीवन के लिए निहायत ही जरूरी है।

## कलवाड़ी में पीले पंजे से हटाया 25 एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव कलवाड़ी में पुलिस बल की मौजूदगी में कनीना बीडीपीओ नवदीप ने हाईकोर्ट के आदेश पर पीले पंजे की सहायता से लगभग 25 एकड़ भूमि पर अवैध कब्जा हटाया। जानकारी के अनुसार ठाकुर जी मंदिर एवं एक निजी व्यक्ति का हाई कोर्ट में केस चला हुआ था। इस स्थान पर चारदीवारी, टॉयलेट, कमरे बने हुए थे। इस लगभग 25 एकड़ भूमि पर बीडीपीओ कनीना को रिसीवर नियुक्त किया हुआ था। बीडीपीओ कनीना



इस जमीन को बोली पर छोड़ते रहते थे। पिछले आठ वर्षों से यह जमीन की कृषि करने के लिए नहीं छूटी थी। यह मामला कोर्ट में चला गया था। पीले पंजे की सहायता से करीब दो घंटे तक चली कार्रवाई के चलते अवैध कब्जे को साफ कर दिया गया। प्रशासन की मौजूदगी में किसी की एक न चली। बीडीपीओ ने नवदीप बताया कि कोर्ट के आदेश अनुसार यह कार्रवाई की गई है। यह जमीन को कृषि के लिए छुड़वाया गया है। इस मौके पर पटवारी में दूसरे कर्मी मौजूद रहे।

---

## जिले में 60 परीक्षा केन्द्रों पर 21377 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

# 30 व 31 को होगी हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2024 का आयोजन 30 व 31 जुलाई, 2025 को करवाया जा रहा है। 30 जुलाई को लेवल-3 (पीजीटी) एवं 31 जुलाई को लेवल-2 (टीजीटी) व लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी। सभी लेवल की यह परीक्षा के लिए जिला में कुल 60 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 21377 अभ्यर्थी प्रविष्ट होंगे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. पवन कुमार ने बताया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) का आयोजन 26 व 27 जुलाई, 2025 को करवाया जा रहा है। एचटेट परीक्षा एवं सीईटी परीक्षा दोनों हरियाणा राज्य से संबंधित है, ऐसे में दोनों की तिथि एक होने के चलते शिक्षा बोर्ड द्वारा हरियाणा पात्रता परीक्षा-2024 का आयोजन 26 व 27 जुलाई, 2025 के स्थान पर अब 30 व 31 जुलाई, 2025 को करवाया जाएगा। लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा 30 जुलाई (बुधवार) को सायंकालीन सत्र में तीन बजे से 5:30 बजे तक संचालित होगी, जिसमें महेंद्रगढ़ जिला में 21 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 6485 अभ्यर्थी प्रविष्ट होंगे। उन्होंने बताया कि लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा 31 जुलाई (वीरवार) को प्रातःकालीन सत्र में दस बजे से 12:30 बजे तक संचालित होगी, इस परीक्षा में 26 परीक्षा केन्द्रों में कुल 11101 अभ्यर्थियों प्रविष्ट होंगे। लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा भी इसी दिन यानि 31 जुलाई (वीरवार) को सायंकालीन सत्र में तीन बजे से 5:30 बजे तक संचालित होगी, जिसमें 13 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 3791 अभ्यर्थी प्रविष्ट होंगे। सभी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जल्द ही बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर उपलब्ध होंगे।

#### दो घंटे 10 मिनट पहले पहुंचना होगा परीक्षा केंद्र पर

उन्होंने बताया कि सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा आरम्भ होने से दो घण्टे 10 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा ताकि केन्द्र के मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर से तलाशी, बायोमैट्रिक, अंगूठे के निशान का डाटा कैप्चरिंग इत्यादि अनिवार्य प्रक्रियाएं समय रहते पूरी हो सकें। उन्होंने आगे बताया कि परीक्षाओं की पल-पल की मानिटरिंग करने के उद्देश्य से भिवानी बोर्ड मुख्यालय पर एक हाईटेक कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों के इर्द-गिर्द धारा-163 स्थानीय प्रशासन द्वारा लगाई जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल परीक्षा आरम्भ होने से काफी समय पूर्व परीक्षा केंद्रों के बाहर तैनात रहेगा।

## छलक नाले में गिरने से व्यक्ति की मौत

**नारनौल।** शहर के बीचोंबीच से गुजरते छलक नाले में आकाश गारमेंट के समीप एक व्यक्ति उसमें गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक नशे का आदी बताया जा रहा है और संतुलन खोने के कारण ही नाले में गिर पड़ा और मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बीती शाम को लोगों ने पुल बाजार के पास गंदे नाले में एक युवक का शव आधा अंदर आधा बाहर पड़ा हुआ देखा तथा इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर शहर थाना प्रभारी मुकेश कुमार पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे और शव को नाले से बाहर निकाला। शव की शिनाख्त पुल बाजार गंदे नाले के पास मोहल्ला दशमेश नगर निवासी करीब 43 वर्षीय मुकेश उर्फ विक्की के रूप में हुई। वह विवाहित था और अपने पीछे एक लड़का एवं एक लड़की छोड़ गया है।

## महेन्द्रगढ़-अटेली रोड के टेंडर आमंत्रित, 13 करोड़ होंगे खर्च

**मंडी अटेली।** प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी महेन्द्रगढ़-अटेली सड़क के निर्माण हेतु टेंडर आमंत्रित हो गए है। करीब 21 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर सरकार 13 करोड़ की राशि खर्च करेगी। इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह सड़क वर्षों से क्षेत्र की एक प्रमुख मांग रही है, जिसकी पूर्ति अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में होने जा रही है। यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि एक सपना है, जो अब साकार हो रहा है। टेंडर जारी होने के पश्चात अगले छह महीनों में इसका निर्माण कार्य पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। आरती सिंह राव ने बताया कि यह सड़क महेन्द्रगढ़ और अटेली कस्बों को आपस में जोड़ेगी। साथ ही भालखी, दौंगड़ा अहीर, भांडोर, देवास, देवनगर, जासावास, कलवाड़ी, सिलारपुर, मोहनपुर जैसे दर्जनों गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। अब तक इन गांवों के लोगों को खस्ताहाल सड़कों से होकर गुजरना पड़ता था, जिससे दुर्घटनाओं और असुविधा की आशंका बनी रहती थी।





दुनिया में सबसे बड़ा सांप अनाकोंडा है, जो 10 मीटर लंबा और 250 किलो वजनी हो सकता है।



दुनिया में सबसे अधिक विविधता वाले जानवर कीड़े हैं, जिनकी 10 लाख से अधिक प्रजातियां हैं।

# फ्री ट्रेनिंग चाहिए तो स्किल इंडिया मिशन से जुड़े



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

जो भी उम्मीदवार स्किल इंडिया मिशन 2024 के तहत फ्री स्किल ट्रेनिंग लेना चाहते है और मनपसंद नौकरी लेना चाहते है तो आज हम आपके लिए इस संबंध में पूरी जानकारी लाए हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग पाकर आप भी अपना कैरियर बना सकते हैं। कुछ लोगों को काम करने की इच्छा तो होती है पर उन्हें इस बारे में ज्ञान नहीं होता. आर्थिक स्थिति या अन्य किसी कारण वें अपने लिए मनचाहा रोजगार नहीं खोज पाते। ऐसे में भारत सरकार द्वारा एक बड़ा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसका लाभ उठा कर आप अपने लिए नौकरी ढूंढ सकते है।

## पाएं प्रशिक्षण

अगर आप बेरोजगार हैं और अपने लिए रोजगार खोज रहे हैं तो आपको भी इसके बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। स्किल इंडिया मिशन के तहत आप ट्रेनिंग प्राप्त करके अपने लिए रोजगार के ऑप्शन उत्पन्न कर सकते हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग लेने के बाद आपको एक सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा जिसके जरिए आपको आसानी से नौकरी मिल जाएगी। आज के वक्त में नौकरी बहुत जरूरी है ऐसे में आप इस मिशन के तहत प्रशिक्षण पाकर अपने लिए नौकरी ले सकते हैं। सरकार का लक्ष्य भी इस योजना के जरूये युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल और समृद्ध बनाना है।

### यह बेरोजगारी हटाने का कदम

इस योजना की शुरुआत भारत सरकार द्वारा बेरोजगारी युवाओं के लिए की गई है। इस स्कीम के अंतर्गत युवाओं को फ्री में ट्रेनिंग दी जाएगी यानी कि उन्हें कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। यानि की पूरी ट्रेनिंग फ्री में होगी। इसके लिए आपको एक भी रूपया नहीं देना है। बेरोजगारी मिटाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम साबित होगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की गई है जिनके अनुसार अगर आप योग्यता रखते हैं तो फ्री में ट्रेनिंग ले सकते हैं। आपको बता दे कि इस योजना के तहत ट्रेनिंग पाने के लिए आप 10वीं या 12वीं पास होने चाहिए और भारत के स्थाई निवासी होने चाहिए।

## ये करना होगा काम



इस योजना का लाभ उठाने के लिए आपको ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होता है। हम हमारे इस आर्टिकल में आपको पूरी जानकारी देंगे कि कौन इस योजना के लिए योग्य है, और आप किस प्रकार आवेदन कर सकते हैं, आवेदन के लिए किन-किन कागजातों की जरूरत होगी इत्यादि। सरकार का लक्ष्य है कि सभी युवाओं का कौशल विकास हो सके ऐसे में सभी युवा और विद्यार्थी इस योजना के तहत ट्रेनिंग पा सकते हैं।

## कई तरह के पाठ्यक्रमों की दी जाती ट्रेनिंग

### नौकरी के अवसर

इस मिशन के तहत उम्मीदवारों को अलग-अलग कोर्सेज के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। ताकि वह किसी भी क्षेत्र में अपने लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सके। आपको बता दे कि भारत सरकार के इस योजना के तहत उम्मीदवारों को इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, हार्डवेयर, फ़ूड प्रोसेसिंग, कंस्ट्रक्शन, फिटिंग, हडीक्राफ्ट, गेम्स और ज्वेलरी, लेदर टेक्नोलॉजी और 40 अन्य टकेनिकल कोर्सेज की ट्रेनिंग दी जाएगी. इन कोर्सेज की ट्रेनिंग लेने के बाद उनके लिए नौकरी खोजना आसान हो जाएगा।

### जरूरी कागजात

- आधार कार्ड
- वोटर कार्ड,
- पैन कार्ड
- बैंक खाता पासबुक
- मोबाइल नंबर
- पासपोर्ट साइज फोटो

### ट्रेनिंग के लिए योग्यता

- आवेदक भारत का स्थाई निवासी होना चाहिए।
- उम्मीदवार बेरोजगार होना चाहिए। यानी वह कोई भी काम ना करता हो।
- आवेदक को हिंदी और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

### पंजीकरण की प्रोसेस

इस योजना में अप्लाई करने के लिए आपको रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होगा जिसकी पूरी जानकारी यहां दी गई है। यहां आप फॉर्म भरने की सरल प्रकिया को समझ सकते है और आवेदन कर सकते है। इस मिशन के तहत आवेदन करने के बाद फ्री में प्रशिक्षण ले पाएंगे।

### ये रहेगी आवेदन प्रकिया

- अधिकारीक वेबसाइट पर जाएं। यहां आने के बाद इसके होम पेज पर आपको साइड बार › क्विक लिंक का विकल्प दिखाई देगा।
- रजिस्ट्रेशन के विकल्प को सेलेक्ट करना होगा।
- इसके बाद आवेदन फार्म में आपको मांगे जाने वाली सारी जानकारी को सावधानीपूर्वक भरनी होगी।
- इसके बाद आपको सभी जरूरी दस्तावेजों को इसके साथ अटैच करना होगा।
- लास्ट में सबमिट के बटन को क्लिक करना होगा।

## अब समाज में तेजी से बढ़ रही सामाजिक समस्याएं

# सोशल सेक्टर में बनाएं करियर जॉब के साथ मिलेगी अच्छी सैलरी

जॉब ट्रेंड्स

### इस क्षेत्र में समाज सेवा के साथ अच्छी कमाई

करियर डेस्क

देश में जिस तरह से जनसंख्या बढ़ रही है, उसी तरह सामाजिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं और उन्हें दूर करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस वजह से सोशल वर्क का दायरा भी लगातार बढ़ रहा है और साथ में ट्रेंड लोगों की डिमांड भी। जिसके कारण अब युवाओं को इस क्षेत्र में भी अच्दा करियर बनाने का मौका मिल रहा है। जो भी समाज सेवा के साथ अच्छा पैसा कमाना चाहता है, उनके लिए इस सेक्टर में करियर बनाना सबसे फायदेमंद हैं।



### कैसे करें एंट्री

इस सेक्टर में काम करने के लिए किसी खास डिग्री की जरूरत नहीं होती है, लेकिन सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए होम साइंस, साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी या सोशल साइंस में ग्रेजुएशन के बाद सोशल वेलफेयर, सोशल साइंस में मास्टर्स करना अच्छा रहेगा। भारत में कई इंस्टीट्यूट्स, यूनिवर्सिटीज में इससे संबंधित कोर्स संचालित किए जाते हैं। जहां एंट्रेंस टेस्ट और इंटरव्यू के आधार पर दाखिला मिलता है। इसके अलावाए एनजीओ मैनेजमेंट का कोर्स भी कर सकते हैं। देश में कई इंस्टीट्यूट्स और यूनिवर्सिटी में एनजीओ मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स शुरू हो चुके हैं। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज मुंबई, दिल्ली यूनिवर्सिटी, राजस्थान यूनिवर्सिटी, जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय, सोशल वर्क में डिप्लोमा और डिग्री के कई कोर्स संचालित कर रहे हैं, जहां से आप कोर्स कर सकते हैं।



### वर्क प्रोफाइल क्या

सोशल वर्क की फील्ड में भी अब स्पेशलाइज्ड लोगों की डिमांड बढ़ने लगी है। जो चिकित्सीय और मनोवैज्ञानिक सोशल वर्क के साथ अपराधियों को सुधारने पर आधारित समाज कार्य भी करते हैं, इसके अलावा शहरी और ग्रामीण समुदाय विकास से जुड़े मानव कल्याण के कार्य, पुनर्वास, मानव अधिकार और सामाजिक कर्त्तव्य, प्राकृतिक आपदा में बचाव संबंधित कार्य नशे की लत से मुक्ति दिलाने पर आधारित कार्य और अशिक्षा दूर करने से जुड़े कार्य करना पड़ता है।

### अच्छा करियर ग्रोथ

आज जिस तरह से डिसेबिलिटी, ड्रग्स, डिप्रेशन और बुजुर्गों की समस्याएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए समाजसेवा में युवाओं की काफी दरकार है। सोशल सेक्टर में काम करने वाले प्रोफेशनल्स को लोगों की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक समस्याओं को जानना-समझना और फिर उसका हल निकालना होता है। इसे काउंसलिंग, कॉन्फ्रेंस, सेमिनार अवेयरनेस प्रोग्राम्स के जरिए पूरा किया जाता है। इस क्षेत्र में सरकारी और गैर सरकारी, दोनों ही तरह के कार्य होते हैं, जिनमें आप एनजीओ मैनेजर, कम्युनिटी सर्विस प्रोवाइडर, एनजीओ प्रोजेक्ट कॉओर्डिनेटर, एनजीओ ह्यूमन रिसोर्स और फाइनेंस मैनेजर के तौर पर कार्य कर अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

### यहां करना पड़ता है काम

सोशल वर्कर के तौर पर आपको ऑफिस वर्क जैसा काम नहीं करना होता और ये सामान्य तौर पर ऑफिस में बैठकर काम करते भी नहीं। इन्हें अलग-अलग ग्रुप और कम्यूनिटी के साथ जुड़ना होता है। इसके तहत ये हॉस्पिटल, क्लीनिक, एनजीओ, डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट, ओल्डएज होम, हेल्थकेयर फैसिलिटीज, एजुकेशन सेक्टर वगैरह के साथ जुड़कर काम करते हैं।

### जरूरी स्किल्स

इस सेक्टर में कार्य करने के लिए कई स्कील की जरूरत पड़ती है, जिसमें सबसे ज्यादा जरूरी कम्युनिटी या लोगों के साथ मिलकर काम करने का अनुभव है। इसके अलावा कम्युनिकेशन स्किल भी काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही, स्थानीय भाषा के साथ-साथ इंटरनेशनल लैंग्वेज की भी जानकारी जरूरी है, क्योंकि कई बार इस फील्ड से जुड़े पेशेवर को इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर कार्य करना पड़ता है। प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटी का होना भी जरूरी है। साथ ही, सामाजिक न्याय, समाज के उपेक्षित वर्ग को मेन स्ट्रीम में शामिल करने, वंचित लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के प्रयास करने को लेकर प्रतिबद्ध होना जरूरी है। इसके अलावा, सोशल वर्क की फील्ड में काम करने के लिए आपके पास लोगों के साइकोलॉजिकल, इमोशनल पक्षों की समझ भी होनी चाहिए। आपमें धैर्य और संवेदनशीलता होना बेहद जरूरी है। सकारात्मक बदलाव और सही फैसले लेने की क्षमता भी होनी चाहिए।

### अवसर की भरमार

इस फील्ड में जॉब की काफी संभावनाएं हैं। विकास के नए तौर-तरीकों के चलते हमारे मूल्यों में जिस तरह से गिरावट आ रही है, ऐसे में सोशल सेक्टर की भूमिका काफी बढ़ गई है। जाहिर है नौजवानों के लिए इस क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेंगी। यह ऐसा क्षेत्र है, जहां विदेशों में भी काम के काफी अवसर हैं। नाटो, विश्व स्वास्थ्य संगठन, एमनेस्टी इंटरनेशनल, रेडक्रॉस, ग्रीनपीस, यूनिसेफ, यूनाइटेड नेशन, यूनेस्को, ओसीडीए विश्वबैंक, कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट, एनवॉयर्नमेंट प्रोटेक्शनए यूनाइटेड नेशन एजुकेशनल साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन जैसी नामी संस्थाओं के अलावा कई अन्य संस्थाएं जॉब का मौका देती हैं।



## कैसे बनाएं सोशल मीडिया में करियर, क्या होंगे नौकरी के ऑप्शन और वर्क प्रोफाइल

इन दिनों ऑफबीट करियर ऑप्शंस की डिमांड काफी बढ़ गई है। अब लोग मीडिया में करियर बनाने के साथ ही सोशल मीडिया में भी दिलचस्पी ले रहे हैं। सोशल मीडिया की दुनिया में रोजगार की बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं। ज्यादातर स्मॉल स्केल बिजनेस सोशल मीडिया के जरिए लाखों रुपये कमा रहे हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट हैंडल करने और सोशल मीडिया मार्केटिंग के लिए वह एक्सपर्ट रखते हैं। कई सेलेब्रिटी और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भी ब्रांड मार्केटिंग, ऐड्स और अकाउंट हैंडल करने के लिए सोशल मीडिया की टीम रखते हैं।

### ट्रेंड्स की जानकारी होना जरूरी

जो लोग घंटों कंप्यूटर या मोबाइल पर काम कर सकते हैं, ग्राफिक्स डिजाइन, ब्लॉग राइटिंग (किसी भी भाषा में) आदि में दिलचस्पी लेते हैं व ऑफबीट क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए सोशल मीडिया बेस्ट है। इसके लिए क्रिएटिव होना और सोशल मीडिया ट्रेंड्स की जानकारी होना सबसे जरूरी है।

### सोशन मीडिया मैनेजर

सोशल मीडिया मैनेजर कंपनी, ब्रांड या किसी प्रमुख संस्थान के सभी सोशल अकाउंट को प्रोफेशनली मैनेज करता है। यह सोशल मीडिया पर कंपनी को आगे ले जाने के नए तरीके अपनाते हैं, जिनसे कंपनी की अच्छी छवि को पॉजिटिव बनाकर रखा जा सके। पीआर, एडवरटाइजमेंट, मार्केटिंग और सोशल नेटवर्किंग के जरिए ऑर्गनाइजेशन की जो सूचनाएं बाहर जाएं, उनमें समानता बनाए रखना इनका काम है।

### सोशल मीडिया एनालिस्ट/स्ट्रैटेजिस्ट

सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट डेटा का विश्लेषण कर कंपनी पॉलिसी बनाते हैं। यह कंपनी को उसकी जरूरत के हिसाब से सोशल मीडिया चैनल का चुनाव करने में मदद करते हैं और ब्रांड्स से संबंधित ग्राहकों को टारगेट करते हैं। सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट मार्केटिंग कैंपेन को ज्यादा असरदार बनाने की कोशिश करते हैं। यह वेबसाइट ट्रैफिक को भी मॉनीटर करते हैं।

### कंटेंट मैनेजर/क्रिएटर

सोशल मीडिया में कंटेंट का मतलब सिर्फ लिखित कंटेंट नहीं होता है। इसमें ग्राफिक्स, वीडियो, ऑडियो भी शामिल होते हैं। यह एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। जहां सोशल मीडिया मैनेजर सोशल मीडिया सॉफ्टवेयर/प्लेटफॉर्म्स के तकनीकी पहलुओं पर ध्यान देते हैं, वहीं कंटेंट क्रिएटर कंटेंट की भाषा, क्वालिटी और अन्य टेक्नीकल बातें देखते हैं। इनके जॉब प्रोफाइल में कॉपीराइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग शामिल हैं।

# सफलता की राह नहीं होती आसान, मेहनत लगन और धैर्य से ही मिलती है कामयाबी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

सफलता एक ऐसा लक्ष्य है, जिसे हर छात्र अपने जीवन में हासिल करना चाहता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सफलता का रास्ता इतना मुश्किल क्यों होता है? क्यों इसमें कोई आसान शॉर्टकट नहीं होता? जवाब सरल है सफलता वही है जो मेहनत, लगन और धैर्य से प्राप्त होती है। यह एक ऐसी यात्रा है, जिसमें चुनौतियां आपका इम्तिहान लेती हैं, और आपकी दृढ़ता ही आपको मंजिल तक पहुंचाती है। आपकी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। सफलता आपका इंतजार कर रही है। जीवन की यात्रा में मेहनत ही वह दीपक है, जो अंधेरे रास्तों को रोशन करता है। महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" अर्थात्, तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता मत कर। यह सूत्र हमें सिखाता है कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती, चाहे परिणाम तुरंत दिखे या नहीं।

## अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो

जैसे पांडवों ने कौरवों के अत्याचारों के बीच भी धैर्य और कर्तव्य का पालन किया, वैसे ही तुम भी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहो। महाभारत का एक और अमर वचन है, "यतो धर्मस्ततो जयः" जहां धर्म है, वहां विजय है। अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो, तो सफलता निश्चित रूप से तुम्हारा इंतजार कर रही है। जैसे अर्जुन ने युद्ध के मैदान में संदेह छोड़कर श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन पर भरोसा किया, वैसे ही तुम भी अपने भीतर के संदेह को त्याग दो। हर बूंद पसीने से तुम अपने सपनों का महल बनाते हो। विश्वास रखो, तुम्हारी मेहनत का हर कण अनमोल है, और वह दिन दूर नहीं जब तुम्हारी सफलता तुम्हें गले लगाएगी।

**शॉर्टकट की भ्रांति :** आज के समय में, जहां सब कुछ तेजी से चाहिए तेज इंटरनेट, तुरंत जवाब, और फटाफट नतीजे हम अक्सर सोचते हैं कि सफलता भी शायद किसी शॉर्टकट से मिल जाए। लेकिन सच्चाई यह है कि शॉर्टकट आपको केवल तात्कालिक लाभ दे सकते हैं, स्थायी सफलता नहीं। उदाहरण के लिए, अगर आप परीक्षा में नकल करके पास हो भी गए, तो क्या वह ज्ञान आपको भविष्य में काम आएगा? नहीं, क्योंकि असली सफलता का आधार है आपका ज्ञान, आपकी मेहनत और आपका आत्मविश्वास।

**मेहनतः सफलता की नींव :** छात्र जीवन वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। हर बार जब आप देर रात तक पढ़ते हैं, किसी कठिन विषय को समझने की कोशिश करते हैं, या असफलता के बाद फिर से प्रयास करते हैं, आप अपने आप को और मजबूत बनाते हैं। महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन ने कहा था, "मैं असफल नहीं हुआ, मैंने तो बस 10,000 ऐसे तरीके खोजे जो काम नहीं करते।" उनकी यह बात हमें सिखाती है कि असफलता भी सफलता का हिस्सा है। हर बार जब आप गिरते हैं, आप एक नया सबक सीखते हैं, जो आपको मंजिल के और करीब ले जाता है।

**लक्ष्य और अनुशासन :** सफलता का पहला कदम है अपने लक्ष्य को स्पष्ट करना। आप क्या बनना चाहते हैं? डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या कुछ और? अपने सपने को एक कागज पर लिखें और उसे हर दिन देखें। लेकिन केवल सपने देखना काफी नहीं है। अनुशासन वह चाबी है जो आपके सपनों को हकीकत में बदलती है। रोजाना पढ़ाई का समय निश्चित करें, छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं, और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करें। याद रखें, एक दिन में पहाड़ नहीं चढ़ा जा सकता, लेकिन हर दिन एक कदम बढ़ाने से आप जरूर शिखर तक पहुंचेंगे।

## चुनौतियों का सामना करें

छात्र जीवन में कई चुनौतियां आती हैं पढ़ाई का दबाव, दोस्तों का प्रभाव, या कभी-कभी आत्मविश्वास की कमी। लेकिन ये चुनौतियां आपके रास्ते में रुकावट नहीं, बल्कि सीखने का अवसर हैं। जब आप किसी कठिन सवाल को हल करते हैं, तो न केवल आपका ज्ञान बढ़ता है, बल्कि आपका आत्मविश्वास भी मजबूत होता है। इसलिए, समस्याओं से भागें नहीं, उनका सामना करें। हर चुनौती आपको और बेहतर बनाती है।

**सकारात्मक सोच और धैर्य :** सफलता का रास्ता धैर्य मांगता है। कई बार ऐसा होता है कि मेहनत करने के बावजूद तुरंत नतीजे नहीं मिलते। ऐसे में निराश होना स्वाभाविक है, लेकिन यही वह समय है जब आपको अपनी सकारात्मक सोच को बनाए रखना है। अपने आप से कहें, "मैं कर सकता हूँ।" अपने आसपास ऐसे लोगों को रखें जो आपको प्रेरित करें। किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियां सुनें, और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें।

**आपके पास है ताकत :** प्रिय छात्रों, आपके पास वह ताकत है जो आपको दुनिया की किसी भी ऊंचाई तक ले जा सकती है। जरूरत है तो बस उस ताकत को पहचानने की। हर बार जब आप थक जाते हैं, एक गहरी सांस लें, अपने सपनों को याद करें, और फिर से उठकर चल पड़ें। सफलता का रास्ता लंबा हो सकता है, लेकिन हर कदम आपको आपके सपनों के करीब ले जाता है। असली सफलता वही है जो मेहनत, लगन, और धैर्य से मिलती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

**2.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलदी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

**3.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

**4.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

**5.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

**6.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

**7.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

**8.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

**9.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

**10.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अधम्र
(बी) अधम
(सी) अधर्म
(डी) अधिम

उत्तर 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)9. (बी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप

### सीमित परिवार राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण

**नारनौल।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शुक्रवार नागरिक अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि सीमित परिवार रखने से न केवल व्यक्तिगत और पारिवारिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि समाज व राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

### पूजा अग्रवाल ने पास की सीए की परीक्षा



**सतनाली मंडी।** गांव गोपालवास की पूजा पुत्री सुमन देवी एवं मनोज अग्रवाल ने सीए की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपना, अपने माता-पिता एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया है। पूजा को इस उपलब्धि पर शिक्षा भारती सीनियर सैकेंडरी स्कूल नावां में सम्मानित किया गया। स्कूल निदेशक योगेश शास्त्री ने बताया कि पूजा ने अपनी बारहवीं तक की पढाई शिक्षा भारती स्कूल नावां में पूरी की है।

### जनस्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम

# शहरों व गांवों में पेयजल सीवरेज कनेक्शनों का होगा सर्वेक्षण

- माई भारत पोर्टल के माध्यम से युवा कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अब माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत स्वयंसेवी युवाओं के माध्यम से शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के पेयजल एवं सीवरेज कनेक्शनों का सर्वेक्षण कराने की योजना बना रहा है। नौ जुलाई को पंचकूला मुख्यालय से जारी पत्र के अनुसार प्रदेशभर के सभी शहरों और ग्राम पंचायतों में माई भारत पोर्टल पर पंजीकृत स्वयंसेवकों की नियुक्ति की जाएगी तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वीकृत गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए एक अगस्त से 31 अगस्त तक एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम के तहत कार्य करवाया जाएगा।

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के पेयजल एवं सीवरेज से संबंधित डाटा में सुधार, कनेक्शन वैध करवाने संबंधी जानकारी एकत्रित करने सहित अन्य सहायक गतिविधियां करवाई जाएंगी। स्वयंसेवकों को एक से चार अगस्त तक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यों, पेयजल आपूर्ति योजनाओं, विभागीय प्रयोगशालाओं, जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की गतिविधियों, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति और स्वयं सहायता समूहों से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

पांच से 26 अगस्त तक स्वयंसेवकों द्वारा घर-घर जाकर पेयजल कनेक्शन में सुधार, अस्वच्छ कनेक्शन, लीकेज तथा पेयजल परीक्षण से संबंधित सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से भरा जाएगा। 27 से 31 अगस्त तक दस्तावेजों का संकलन, प्रस्तुतीकरण की गुणवत्ता की जांच तथा आवश्यक सुधार का कार्य किया जाएगा। जिसका एक्शन प्लान जिला सलाहकार कार्यालय द्वारा तैयार किया जाएगा तथा सर्वेक्षण का कार्य विभाग के उपमंडल अभियंता और कनिष्ठ अभियंता की देखरेख में करवाया जाएगा। सभी दस्तावेजों का सत्यापन भी सब डिवीजन स्तर पर होगा। जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की टीम स्वयंसेवकों के साथ समन्वय स्थापित कर सर्वेक्षण में सहयोग करेगी।

#### विभाग ने मांगें आवेदन

जिला सलाहकार मंगतू राम सरसवा ने बताया कि जिले के लिए माई भारत पोर्टल के माध्यम से आवेदन मांगे गए हैं। जो भी युवा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के साथ माई भारत पोर्टल के माध्यम से स्वयंसेवक के रूप में जुड़कर कार्य करना चाहते हैं, वे 28 जुलाई तक अपना आवेदन अवश्य कर दें। उन्होंने बताया कि एक अगस्त से कार्य पूर्ण रूप से शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए युवाओं को पहले माई भारत पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करना होगा, उसके बाद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम के लिए आवेदन करना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी जल्द ही आवेदन मांगे जाएंगे।

# एचपीएस स्कूल में सामान्य ज्ञान व वाद विवाद प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को इंटर हाउस सामान्य ज्ञान व वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय एमडी निधि वर्मा, निदेशक पुष्करमल वर्मा, डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में छठीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता अंग्रेजी प्रवक्ता लोकेश ओझा की देखरेख में चार चरणों में रखी गई। प्रतियोगिता पृथ्वी सदन ने प्रथम तथा वायु सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय जनसंख्या वृद्धि वरदान या अभिशाप रहा। प्रतियोगिता में पृथ्वी सदन से नैतिक व शिक्षा, वायु सदन से पलक व हितांशी, जल सदन से चहक व सोनाक्षी तथा अग्नि सदन से लक्ष्यता व अक्षरा ने जनसंख्या वृद्धि के पक्ष व विपक्ष में अपने अपने विचार रखे। प्रतियोगिता के दौरान ज्वलंत मुद्दे को लेकर विद्यार्थियों की जिज्ञासा देखने लायक थी। प्रतियोगिता का आयोजन अनिल यादव की देखरेख में हुआ।

## रामचंद्र स्कूल में वेस्ट मैटीरियल को बनाया बेस्ट

**कनीना।** रामचंद्र स्कूल में रचनात्मक गतिविधियों की श्रृंखला के अंतर्गत वेस्ट मैटीरियल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा तीसरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने बेकार समझे जाने वाले सामग्री से उपयोगी व सुंदर वस्तुएं बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। तीसरी से पांचवी तक की श्रेणी में विकास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कनक पूनिया को द्वितीय स्थान तथा युग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। छठी से आठवीं की श्रेणी में खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, दीपिका और तानिया संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर रहीं तथा क्या और



नव्या को तृतीय स्थान मिला। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था।

# बीआर ज्ञापदीप में साइंस सेमिनार किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। सेमिनार में भाग लेते विद्यार्थी।

बीआर ज्ञानदीप स्कूल सुरजनवास में एक दिवसीय साइंस सेमिनार हुआ। जिसका उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना एवं उन्हें समकालीन विज्ञान और तकनीक से जोड़ना रहा। सेमिनार का विषयवस्तु बेहद समृद्ध और विविध रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ह्यूमन राइट्स, साइबर सिक्योरिटी, मिलेट्स, सोशल मीडिया और वेस्ट मैनेजमेंट जैसे समसामयिक पर चर्चा की। अध्यक्षता भौतिक विज्ञान प्रवक्ता अविका यादव एवं सुदर्शन लांबा ने की। कक्षा आठवीं, नौवीं और 10वीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ह्यूमन राइट्स पर वक्ताओं ने मानवाधिकारों की अहमियत को रेखांकित किया।

साइबर सिक्योरिटी विषय पर बच्चों ने बताया कि इंटरनेट के इस युग में हमें अपनी डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए। मिलेट्स विषय पर छात्राओं ने मिलेट्स (जौ, बाजरा, रागी आदि) के पोषण गुणों और उनके पर्यावरणीय लाभों पर जानकारी साझा की। प्रधानाचार्य रामवीर यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूकता आती है। चेयरमैन रूपराम यादव ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामना दी। कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



महेंद्रगढ़। लघु नाटिका प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

## सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने लघुनाटिका की प्रस्तुति से दिया जनसंख्या नियंत्रण का संदेश

**महेंद्रगढ़।** विश्व जनसंख्या दिवस पर सूरज स्कूल के विद्यार्थियो ने रैली और लघु नाटिका के माध्यम से लोगो में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। इस जागरूकता अभियान में तनिशा, नैन्सी, लक्षिता, प्रियांशी, जिया, श्वेता, मुस्कान, हिमांशी, अंकिता, खुशी, अंशु, दिव्या, कल्पना, तन्वी, कशिश, आरती, जान्हवी, निक्की, भावना आदि विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने बवानियां गांव की सरपंच पूजा देवी और सरपंच पति संजय के सहयोग से ग्रामीणों की उपस्थिति में प्रस्तुत लघु नाटिका में बढ़ती जनसंख्या के दुष्प्रभावों को दर्शाया और साथ ही यह भी समझाया कि वर्तमान में लड़का हो या लड़की दोनो एक समान है तथा लड़के की चाह में जनसंख्या वृद्धि करते जाना बिल्कुल अनुचित है। लघुनाटिका के बाद विद्यार्थियों ने पूरे गांव में नारे लगाते हुए रैली भी निकाली। सरपंच पूजा देवी, सरपंच पति संजय सहित मौजूद सभी ग्रामीणों ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की प्रशंसा की और उनकी सामाजिक सरोकार की इस भावना को सराहा। बवानियां गांव के अलावा विद्यार्थियों ने बस स्टैंड पर भी अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# बीपीएस में स्लोगन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

बढ़ती हुई जनससंख्या के खतरों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए कुलताजपुर रोड स्थित बीपीएस स्कूल में विश्व जनसंख्या पर स्लोगन प्रतियोगिता हुई। 'बढ़ती जनसंख्या-घटते संसाधन विषय पर प्रतिभागियों को पांच पांच स्लोगन लिखना अनिवार्य था। प्रतियोगिता में दोनों विंग के 460 बच्चों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी कल्पना शक्ति का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण एवं प्रभावी स्लोगन लिखें। स्लोगन पढ़कर बच्चों की जनसंख्या वृद्धि के प्रति जागरूकता झलकती थी।

### बेस्ट स्लोगन ये रहे

छोटा परिवार सुखी परिवार, इसे बनाओं अपने जीवन का आधार। हिंदु, मुस्लिम, सिख, ईसाई, छोटे परिवार में सबकी भलाई। जनसंख्या पर रोक लगाए, देश को उन्नति की ओर लेकर जाए। अगर ऐसे ही बढ़ती रही आबादी, तो कोई रोक नहीं पाएगा तुम्हारी बर्बादी। आबादी पर करो नियंत्रण, देश की तरक्की को दो मिलकर निमंत्रण। जनसंख्या होगी कम, तो सुखी से जीयेंगे हम। सशक्त युवा, सशक्त देष, जनसंख्या पर दो विशेष इत्यादि। संस्था चेयरमैन कमल संघी एवं सह-सचिव डॉ कर्ण चौधरी ने प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया। प्रतियोगिता विंग कॉरडिनेटरर्स रेणू जैन एवं सूप्रिया का शैषिक के निर्देशन में सम्मपन हुई। संस्था प्रिंसिपल उदय भान राव ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चो में बढ़ती जनसंख्या के बार में जागरूकता लाने का सषक्त माध्यम है।

## हैप्पी स्कूल के विद्यार्थियों ने मॉडल प्रदर्शनी में दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस पर मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता जहां कल्पना बने हकीकत का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। वहीं दूसरी ओर कक्षा नौवीं और 10वीं के विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में भाग लिया। मुख्यातिथि उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल रहें। इस प्रदर्शनी में दीपक चनेजा, पायल, ईश्वर सिंह, सुधीर शर्मा और नेहा बंसल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा वर्किंग और नॉन वर्किंग मॉडल तैयार किए गए। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल और सभी विंग प्रभारियों के अनुसार विद्यार्थियों के लिए वर्किंग और नॉन-वर्किंग मॉडल प्रदर्शनी का बहुत महत्व है।



महेंद्रगढ़। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए।

संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने बताया कि प्रदर्शनी का आयोजन बच्चों की क्रियात्मक कला को बढ़ावा देने के लिए किया गया।

## बीआर स्कूल सेहलंग में एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी और चौथी के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने इस एकल नृत्य प्रतियोगिता में पारंपरिक, देशभक्ति और फिल्मी गीतों पर बेहतरीन प्रस्तुति दी। शुरूआत चेयरमैन हरीश भारद्वाज एवं उप-प्राचार्या ज्योति भारद्वाज द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक एवं देशभक्ति गीतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जिनमें आत्मविश्वास, लयबद्धता और भाव-भंगिमा की उत्कृष्ट झलक देखने को मिली। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में ज्योति भारद्वाज एवं कल्पना तंवर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का मंच संचालन राजेश कुमारी एवं सुमन देवी द्वारा किया गया।

# कांवड़: डीजे बजाने और हथियार रखने पर रोक

- डीसी ने कांवड़ यात्रा को देखते हुए धारा 163 के तहत जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत शुक्रवार से 23 जुलाई तक जिला में कावड़ियों के वाहनों पर डीजे लगाने व बजाने पर तथा अपने साथ घातक हथियार लेकर चलने व रखने पर पाबंदी लगाई है।

उन्होंने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 11 जुलाई से 23 जुलाई तक शिव रात्रि पर कावड़ यात्रा एवं मेला शुरू होने जा रहा है। इस दौरान कावड़ियों द्वारा वाहनों में डीजे अथवा लाऊड स्पीकर आदि लगाकर तेज आवाज में बजाया जाता है, जिससे ध्वनि प्रदूषण व दुर्घटना को बढ़ावा मिलता है।

कांवड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 23 जुलाई तक कांवड़ियों के वाहनों पर डीजे लगाने व बजाने, शस्त्र तलवार, बरछा, कुल्हाड़ी, हॉकी, बैट, जेली, चाकू, साईकिल चेन और अन्य वस्तुएं जिन्हें घातक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकने वाला हो, (सिख समुदाय द्वारा रखी जाने वाले धार्मिक कृपान को छोड़कर) इत्यादि को लेकर चलने व रखने पर प्रतिबन्ध रहेगा। यह आदेश पुलिस विभाग और अन्य सरकारी कर्मचारी जो ड्यूटी पर होंगे उनके ऊपर लागू नहीं होगा। उपरोक्त आदेशों की अवहेलना में यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो वह बीएनएस 2023 की धारा 228 के तहत दण्ड का भागी होगा।

# उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा: 40 साल से अधिक वालों की फ्री नेत्र जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

उप नागरिक अस्पताल में उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान का शुभारंभ किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष संजय गोयल मुख्य अतिथि रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. विजय यादव द्वारा की गई। इस अभियान के तहत एक हजार गरीब परिवारों के 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को मुफ्त में आंखों की जांच वह चश्मे वितरित किए जाएंगे।

इससे उन जरूर मंद वह गरीब परिवार के लोगों को वह निराश्रित लोगों को चश्मे वितरित किए जाएंगे जो चश्मा खरीदने में असमर्थ हैं उनके लिए यह विशेष अभियान चलाया गया है इस अभियान के तहत सभी बीपीएल परिवारों को जिनकी आयु 40 से अधिक है जिनकी आंखों के लिए चश्मे की आवश्यकता है उन सभी को चश्मा विस्तृत किए जाएंगे यह कार्यक्रम जिला स्तर के के अस्पताल व अप नागरिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कैंप का आयोजन किया जा रहा है जो आज के दिन रह गए हैं वह अगले दिन भी अपनी आंखों की जांच कर कर चश्मा प्राप्त कर सकते हैं।



मंडी अटेली। उप नागरिक अस्पताल में उज्ज्वल दृष्टि अभियान के चश्मा वितरित करते हुए।

शुक्रवार को उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा अभियान में 185 लोगों को चश्मा विपरीत किए गए। इस मौके पर डॉ.रविकांत, डॉ. मनीष यादव,नेत्र टेक्नीशियन कर्ण सिंह, मुकेश कुमार, महिपाल यादव, मंजू यादव, इंद्र सिंह आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।

### गुरु की महिमा व साहित्य में योगदान पर काव्य व विचार गोष्ठी

# अखिल भारतीय साहित्य परिषद की नारनौल इकाई के पुनः प्रधान बने डॉ. जितेंद्र भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद के तत्वाधान में परिषद कार्यालय सन प्लाजा बेसमेंट में वीरवार शाम व्यास जयंती मनाई गई। इस उपलक्ष्य में कार्यक्रम में गुरु की महिमा एवं महर्षि व्यास जी के साहित्य में दिए गए योगदान पर काव्य एवं विचार गोष्ठी के माध्यम से प्रकाश डाला गया। परिषद के वरिष्ठ साहित्यकार जयप्रकाश कौशिक के सान्निध्य में संपन्न गोष्ठी की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष डॉ जितेंद्र भारद्वाज ने की।



नारनौल। काव्य व विचार गोष्ठी में अपने विचार रखती डा. कृष्णा आर्य।

प्रारंभ में युवा रचनाकार ओशिन शुक्ला ने अपनी कविता मात पिता के चरणों में बसे हैं चारों धाम सुनो से प्रथम गुरु माता पिता को नमन किया। पूर्व प्राचार्य भारत भूषण तायल ने बताया कि यह गुरु पूर्णिमा महर्षि व्यास की जयंती के उपलक्ष्य में मनाई जाती है। यह महर्षि व्यास की 5350वीं जयंती है। महाभारत काल एवं वेदों के निर्माण सहित महर्षि व्यास के भागवत कथा सहित साहित्य में दिए गए योगदान के इतिहास का वर्णन किया। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ संजय शर्मा ने गुरू को जीवन का मार्गदर्शक बताया। डॉ जितेंद्र भारद्वाज ने गुरू की महिमा जानिए, होती अपरम्पार आदि दोहों के माध्यम से गुरु की महिमा का गुणगान किया। डॉ पंकज गौड़ ने गुरुओं को याद करने का संदेश दिया और एक गीत भी सुनाया। पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा, आयुर्वेद कॉलेज के प्रो दलजीत शास्त्री, प्रवक्ता नरोत्तम सोनी, डॉ दीपक वर्मा, पवन यादव, सचिन कुमार ने भी गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। कवयित्री डॉ कृष्णा आर्या ने एक शिक्षाप्रद लोकगीत से योग का महत्व व वरिष्ठ साहित्यकार जयप्रकाश कौशिक ने आध्यात्मिक गुरु की महिमा एवं हमारे जीवन में महत्व पर विस्तार से वर्णन किया।

#### कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया

गोष्ठी के बाद अखिल भारतीय साहित्य परिषद नारनौल इकाई का पुनर्गठन भी किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से डॉ जितेंद्र भारद्वाज को पुनः अध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष के रूप में चुने जाने पर डॉ जितेंद्र भारद्वाज ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया। डॉ कृष्णा आर्या ने अध्यक्ष डॉ जितेंद्र भारद्वाज को एक पौधा भेंट कर बधाई दी और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसी कड़ी अध्यक्ष डॉ जितेंद्र भारद्वाज ने बताया कि डॉ पंकज गौड़ को महामंत्री एवं डॉ दीपक वर्मा को पुनः कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने बताया कि 12 से 13 जुलाई को शाखा का एक प्रतिनिधिमंडल पानीपत में आयोजित होने वाले परिषद के प्रांतीय अधिवेशन में भाग लेगा।

# यदुवंशी कॉलेज के 5 विद्यार्थी विवि की टॉप-10 सूची में



महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- संजना प्रथम, चेतना तीसरे, तनीषा 5वें, प्रीति छठा व एकता ने 10वां स्थान प्राप्त किया, कॉलेज मैनेजमेंट ने सफलता पर दी बधाई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा बीएससी मैथ आनर्स के चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी कॉलेज के पांच विद्यार्थियों ने टॉप-10 स्थान पर कब्जा करके न केवल अपना नाम रोशन किया बल्कि अपने माता-पिता के साथ-साथ यदुवंशी कॉलेज का भी नाम रोशन किया। इस परीक्षा परिणाम में यदुवंशी कॉलेज की छात्रा संजना पुत्री योगेंद्र ने 93.4 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम, चेतना पुत्री सतीश ने 92.8 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा, तनीषा पुत्री रोशन लाल ने 92 प्रतिशत अंक लेकर पांचवा, प्रीति पुत्री सुरेश कुमार ने 90.6 प्रतिशत अंक लेकर छठा, एकता पुत्री जितेंद्र 81.8 प्रतिशत अंक अर्जित करके दसवां स्थान हासिल किया। यदुवंशी डिग्री कॉलेज के मैथ आनर्स के इन पांच होनहार विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टॉप-10 में स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि कॉलेज और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बनी हुई है। यदुवंशी कॉलेज चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत शिक्षकों की निष्ठा और संस्था की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था का परिणाम है। संस्था के फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरुभान व यदुवंशी कॉलेज के समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबर संक्षेप


महेंद्रगढ़। उपभोक्ताओं की शिकायत सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बिलिंग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की

**महेंद्रगढ़।** कार्यकारी अभियंता कार्यालय दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम में 50 हजार रुपये तक के बिलिंग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई चेयरमैन कम डिविजनल फोरम कार्यकारी अभियंता के द्वारा की गई। इस दौरान तीन शिकायत आई उनमें से एक का मौके पर ही समाधान किया गया, बाकि दो शिकायत संबन्धित उपमंडल अधिकारी को बिजली बिल दुरूस्त करने के लिए हिदायत दी गई। इस विषय पर अगली सुनवाई 16 जुलाई को सुबह 11:30 बजे से शाम दो बजे तक की जाएंगी। किसी भी आमजन द्वारा यह अपील कार्यकारी अभियंता कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र और बिल की कॉपी लगाकर कर सकता है तथा अपने बिल संबंधी पक्ष रख सकता है।

### श्री विष्णु भगवान मंदिर में होगा सुंदरकांड पाठ

**महेंद्रगढ़।** श्री विष्णु सेवा समिति द्वारा प्रति माह की भांति इस माह भी शनिवार 12 जुलाई को श्री विष्णु भगवान मंदिर रेलवे रोड में एक भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यह दिव्य पाठ रात्रि 8:15 बजे से प्रारंभ होगा। इस धार्मिक आयोजन में श्रीराम प्रचार मंडल की टीम द्वारा संगीत के माध्यम से सुंदरकांड का भव्य पाठ किया जाएगा, जिसमें भक्ति रस और रामचरित मानस की झलक मिलेगी। मंदिर प्रभारी शंकर लाल ने बताया कि यह कार्यक्रम हर माह नियमित रूप से श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिकता को समर्पित किया जाता है।

### एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार एमएसएमई व परिवहन विभाग की ओर से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों को अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए हरियाणा सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर एमएसएमई विभाग की ओर से राहुल यादव व अजय यादव ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, पीएमईजीपी एवं पीएमएफएमई, विश्वकर्मा, स्कीम के बारे में छात्रों को जानकारी दी। छात्र आईटीआई का प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कैसे करेंगे व इसके लिए कौन कौन से जरूरी दस्तावेज हैं।

### आईटीआई में 14 को पीएम राष्ट्रीय शिक्षुता मेला

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ब्वाय) में 14 जुलाई को महेन्द्रगढ, रेवाड़ी, चरखी दादरी व झज्जर जिला के आईटीआई पास युवाओं के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि 14 जुलाई को सुबह नौ बजे आईटीआई में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का आयोजन किया जाएगा।


विनोद खनगवाल

### हकेंवि में बीए और बीएड में दाखिला शुरू

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग में उपलब्ध चार वर्षीय इंटीग्रेटिड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) बीए बीएड में दाखिले लिए आनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए पात्र अभ्यर्थी 16 जुलाई तक आनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। विश्वविद्यालय इस पाठ्यक्रम में दाखिले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी)-2025 के आधार पर कर रहा है। विवि कुलपति ने कहा, युवाओं के लिए 4 वर्षीय आईटीईपी पाठ्यक्रम एक बेहतर विकल्प है।

# चक्षिता चौधरी का साउथ दिल्ली सुपरस्टॉर्ज टीम में अनुबंध, महिला टी-20 में खेलेगी


नांगल चौधरी। अरुण जेटली स्टेडियम में स्मृति चिन्ह के साथ चक्षिता चौधरी।

- डब्लूडीपीएल में सबसे कम आयु में अनुबंध पाने वाली महिला का गौरव मिलने से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल, दिल्ली महिला क्रिकेट बोर्ड ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

डीडीसीए ने इस साल महिला क्रिकेट टी-20 लीग की शुरूआत की है, जिसके सकारात्मक व प्रेरणादायी परिणाम सामने आने लगे हैं। दिल्ली प्रीमियर लीग में बेहतरीन प्रफोर्मेंस से प्रभावित दिल्ली साउथ सुपरस्टार्ज टीम ने मोहनपुर की 12 वर्षीय बेटी चक्षिता से अनुबंध किया है। जिसे महिला वर्ग की टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल किया है। प्रतिभाशाली छात्रा को महिला क्रिकेट बोर्ड की अध्यक्षता शिखा कुमारी ने सम्मानित करके प्रोत्साहित किया है। जिससे उत्साहित ग्रामीणों ने छात्रा का अभिनंदन व सम्मानित करने का फैसला लिया है। आपको बता दें कि दिल्ली क्रिकेट बोर्ड ने महिला टी-20 प्रतियोगिता को स्वीकृति दी है। जिसके लिए टीम व खिलाड़ियों का चयन करने के लिए दिल्ली में स्थित अरुण जेटली स्टेडियम में विशेष शिविर लगाया गया था।

प्रदेश स्तरीय 300 से अधिक स्कूली छात्राओं ने पंजीकरण करवाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। भवन द्वारका दिल्ली की 12 वर्षीय छात्रा चक्षिता चौधरी ने पांच पारियों में खेलते हुए 57.50 की औसत से 115 रन बनाए, जिनमें तीन पारियों में वह नाबाद रही हैं। करीब तीन घंटे के ट्रायल के दौरान छात्रा ने स्टेट ड्राइव व कवर में बेहतरीन शॉट लगाए, साथ ही क्षेत्ररक्षण में भी सहरानीय प्रदर्शन किया है। कोच ने पांच ओवर की बॉलिंग कराई, जिसमें उन्होंने बेट्समैन को आठ बार बीट किया तथा दो विकेट लेने में सफलता हांसिल की है। ओवर ऑल परिणाम में चक्षिता ने 50 में से 42 अंक अर्जित करके टॉप-तीन में स्थान बनाया था। बावजूद आयु कम होने के कारण दिल्ली क्रिकेट बोर्ड ने अनुबंध की अनुमति नहीं दी। इसके बाद साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज टीम ने बोर्ड में अपील दायर करके चक्षिता को अनुबंध के लिए आमंत्रित किया। कहा कि चक्षिता में आयु से कई गुणा बढ़कर प्रतिभा छुपी हुई है जिससे अनुबंध होने पर टीम की सफलता सुनिश्चित हो सकती है।

बोर्ड की स्वीकृति मिलने के बाद डब्लूडीपीएल ने चक्षिता के साथ 75 हजार वार्षिक अनुबंध किया है। विभिन्न प्रक्रिया पूरी होने के बाद छात्रा को अरुण जेटली स्टेडियम में प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया है। जहां एक महिना अभ्यास करने के बाद दिल्ली महिला टी-20 क्रिकेट सुपर लीग में शामिल किया जाएगा। पैतृक गांव मोहनपुर में अनुबंध की सूचना मिलते ही लोगों में उत्साह का माहौल हो गया।

### 41 गेदों पर 73 रनों की नाबाद पारी ने चौंकाया

ट्रायल के दौरान चक्षिता का ओवर आल बेहतर प्रदर्शन रहा है लेकिन 41 गेंदों पर बनाए गए 73 रनों की नाबाद पारी ने सभी आयोजकों को चौंका दिया। इस पारी में उन्होंने 11 चौके तथा तीन गगनचुंबी छक्के लगाकर साबित कर दिखाया कि हौसले बुलंद हों तो आयु कोई मायने नहीं रखती। स्टेट, कवर और स्वीप ड्राइव की कलाबाजी से प्रभावित दिल्ली सुपरस्टार्ज ने विशेष अपील दायर करके अनुबंद किया है।

### चुनौतियों को स्वीकारना और संघर्ष करने का जुनून

प्रतिभाशाली छात्रा के ताऊ मनजीत चौधरी ने बताया कि चक्षिता का पिता आइटीबीपी में सहायक उपनिरीक्षक पद पर सेवारत है। छात्रा को बचपन से ही चुनौतियों को स्वीकारने तथा संघर्ष करने का जुनून रहा है। नौ साल की आयु में क्रिकेट का अभ्यास करना आरंभ कर दिया था। साथ ही पढ़ाई पर भी विशेष फोकस रखते हुए कक्षा में टॉपर रैंक हासिल करती रही है। छात्रा की उपलब्धि से अन्य बेटियों को भी खेल प्रतिभा निखारने की प्रेरणा मिलेगी।

## 10 करोड़ 26 लाख की लागत से होगा निर्माण

# अटेली-महेंद्रगढ़ जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण के लिए लगा टेंडर

- अटेली रोड की हालात है वर्षों से खस्ता, 50 हजार की आबादी को उठानी पड़ रहीं है परेशानी, ग्रीन कॉरिडोर, नेशनल हाइवे व स्टेट हाइवे को जोड़ता है शहर का अटेली रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

अटेली-महेंद्रगढ़ जर्जर सड़क के निर्माण के लिए टेंडर लग गया है। जल्द ही इस रोड का काम शुरू हो जाएगा। जिससे महेंद्रगढ़ से अटेली रोड पर लोगों को आने-जाने में कोई परेशानी नही होगी। लोगों की ये वर्षों पुरानी मांग अब पूरी होने जा रही है। टूटी सड़क के कारण एक दर्जन गांवों की 50 हजार की आबादी को परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। लोक निर्माण विभाग ने करीब 10 करोड़ 26 लाख की लागत से बनने वाले इस रोड के नवीनीकरण के लिए टेंडर लगाया हैं। महेंद्रगढ़ से अटेली रोड की दूरी 31 किलोमीटर है।

बता दें कि दो-तीन वर्षों से इस मार्ग के हालात बद से बदतर हो गए हैं। नारनौल दादरी स्टेट हाईवे 148 से महेंद्रगढ़ से अटेली को जाने वाला मार्ग रास्ते में गांव भालखी के पास 152-डी को टच करता है। यहां 152 डी ग्रीन कोरिडोर का लाभ लेने के लिए कट भी दिया हुआ है। आगे जाकर यह मार्ग अटेली में यह नारनौल-रेवाड़ी रोड को मिलता है। इस मार्ग पर करीब एक दर्जन गांव आते हैं। लेकिन सड़क के चलते 50 हजार की आबादी को परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। महेंद्रगढ़-अटेली मार्ग को एचएसआरडीसी द्वारा चौड़ा करके बनाया जाना है। करीब एक वर्ष पहले पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से यह सड़क एनएसआरडीसी को हैंडओवर की गई थी।

वहीं इसके लिए राज्य सरकार से 40 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं पिछले विभाग की ओर सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू किया गया था। लेकिन सड़क की चौडाई बढ़ने के बाद बीच में वन विभाग की जमीन अडचन आ गई थी। जिससे चलते निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया हैं। सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं होने के चलते एक करीब वर्ष से कई गांवों के लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। ग्रामीण पेचवर्क का कार्य शुरू कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन भी कर चुके हैं।


महेंद्रगढ़। सड़क में बने गहरे गड्ढे। फोटो : हरिभूमि

### उच्च अधिकारियों के संपर्क में थे विधायक

विधायक कंवर सिंह यादव ने बताया कि वो लंबे समय से इस रोड को लेकर लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा और उच्च अधिकारियों के संपर्क में थे। इस बारे में उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी से भी मुलाकात की थी।


विधायक कंवर सिंह यादव।

विधायक कंवर सिंह ने मुख्यमंत्री के सामने महेंद्रगढ़ के विकास कार्यों को लेकर काफी चर्चा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आश्वासन दिया था कि महेंद्रगढ़ विधानसभा के विकास कार्यों में कोई कमी नही आने दी जाएगी। महेंद्रगढ़ से अटेली रोड का टेंडर लगने से आसपास के गांवों में खुशी का माहौल है। अब बहुत जल्दी इस रोड पर काम शुरू हो जाएगा। विधायक कंवर सिंह यादव महेंद्रगढ़ विधानसभा के विकास कार्यों को दिन-रात काम करके गति देने का काम कर रहे है। जिससे महेंद्रगढ़ विधानसभा में विकास कार्यों में कमी नही आने दी जाएगी। ये रोड महेंद्रगढ़ विधानसभा और अटेली विधानसभा दोनों को जोड़ता है। नायब सैनी सरकार में हरियाणा में विकास तेजी से हो राह है। सड़कों के मामले में हमारी सरकार ने बहुत सरायनीय कार्य किया है।जिससे लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत नही आने दी है। विधायक कंवर सिंह यादव ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद किया।


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डॉ विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

# सभी प्रोजेक्ट समय पर पूरे करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- डीसी डॉ विवेक भारती ने की सीएम अनाउंसमेंट के संबंध में की समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री की ओर से विभिन्न मौके पर जिला महेंद्रगढ़ के लिए की गई विभिन्न परियोजनाओं की घोषणाओं की प्रगति को लेकर उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की ओर से विभिन्न अवसर पर की गई इन घोषणाओं पर तेजी से अमल किया जाए। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य है कि सभी परियोजनाएं समय पर पूरी हों ताकि आमजन को उसका लाभ मिले। खुडाना गांव में प्रस्तावित आईएमटी (औद्योगिक मॉडल टाउनशिप) के संबंध में हरियाणा राज्य औद्योगिक और आधारभूत संरचना विकास निगम के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए यह एक महत्वपूर्ण प्रस्तावित परियोजना है। इसके लिए खुडाना पंचायत की प्रस्तावित 1654 एकड़ भूमि चिन्हित की गई थी। इस भूमि के लिए दो मुख्य रास्ते बनाए जाने थे। इन रास्तों के लिए अभी किसानों की ओर से जमीन नहीं दी गई है। इसके लिए दो बार ई-भूमि पोर्टल खोला गया है। अभी तक पूरी जमीन के लिए किसानों की ओर से सहमति नहीं आई है। जैसे ही किसानों की ओर से इन दोनों रास्तों के लिए सहमति प्राप्त हो जाएगी, इस प्रोजेक्ट के लिए आगे की कार्रवाई शुरू हो सकेगी।

# जुलाई माह में अबतक 2020 वाहनों के चालान

- यातायात नियमों की पालन कराने को नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान, 29 इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। डीएसपी सुरेश कुमार के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने जिलेभर में विभिन्न चौक–चौराहों पर अभियान चलाकर वाहनों के चालान काटे, इस दौरान यातायात नियमों की उल्लंघना कर चौक से गुजरने वाले दोपहिया, चार पहिया वाहनों के चालान काटे गए। दोपहिया वाहन पर हेलमेट ना लगाने और ट्रिपल राइडिंग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। जिसमें यातायात पुलिस ने यातायात नियमों रॉन्ग पार्किंग, ओवर स्पीड, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने, बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट और अन्य नियमों का उल्लंघन करने वाले 2020 वाहन चालकों के चालान किए और 29 वाहनों को इंपाउंड किया गया। प्रबन्धक थाना यातायात ने बताया कि यातायात नियमों की पालना कराने के लिए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती करते हुए चालान किए गए, जिससे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और सड़क हादसों से बचा जा सके। ट्रैफिक पुलिस ने चालकों से कहा है कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू-रूप से आवागमन हेतू यह अनिवार्य है।


नारनौल। बाइक चालक का चालान करती ट्रेफिक पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### फिजिकल काउंसलिंग के जरिए किए गए कॉलेज में एडमिशन

**नारनौल।** रेलवे रोड स्थित पीजी ब्वॉयज कॉलेज में शुक्रवार को फिजिकल काउंसलिंग के जरिए इच्छुक विद्यार्थियों को एडमिशन के लिए सीट ऑफर की गई। ऑफर की गई सीटों में बीए में 34, बीसीए में पांच, बीबीए में छह, बीकॉम में सात, बीएससी फिजिकल साइंस में 18 तथा बीएससी लाइफ साइंस में 25 सीटें ऑफर की गई। इन सीटों पर एडमिशन लेने के लिए विद्यार्थी कॉलेज पहुंचे और फिजिकल काउंसलिंग में शामिल हुए। यह जानकारी देते हुए एडमिशन इंचार्ज डा. सतीश सैनी ने बताया कि इन भाग लेने वाले विद्यार्थियों को अब ऑनलाइन फीस जमा करवानी होगी, जो वे आज रात 12 बजे तक करवा सकते हैं।

# नसीबपुर में मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम

- किसानों को दी गई जानकारी व सहायता और सौंपे गए चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पंजाब नेशनल बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नसीबपुर द्वारा गुरुवार को मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बैंक की मुख्य महाप्रबंधक मौसमी मजूमदार ने रिबन काटकर किया और परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य अतिथि मौसमी मजूमदार ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और युवा किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम किसानों को कृषि योजनाओं, ऋण सुविधाओं और अन्य सरकारी पहलों की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि मशीनीकरण ऋण, डेयरी योजनाएं और कम लागत में अधिक उत्पादन से जुड़ी तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इस पहल के माध्यम से पंजाब नेशनल बैंक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2022 तक किसानों की आय दोगुनी के संकल्प को मजबूती देने की दिशा में सार्थक प्रयास किया है। रेवाड़ी मंडल प्रमुख सुनीता कुमारी ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और कहा कि सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना उनका प्राथमिक उद्देश्य है। नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रतिभावान बेटियों के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हुनर किसी का मोहताज नहीं होता और आज की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।


नारनौल। रिबन काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करती बैंक की मुख्य महाप्रबंधक मौसमी मजूमदार। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस का होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों पर चलाए सघन चेकिंग अभियान

- संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की कवायद

**नारनौल।** नांगल चौधरी क्षेत्र में पुलिस द्वारा व्यापक चैकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने और संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने क्षेत्र के विभिन्न होटलों पर विशेष रूप से चैकिंग की। यह कार्रवाई संदिग्ध व्यक्तियों और अवैध गतिविधियों की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए की गई। पुलिस टीम ने होटलों के कमरों की तलाशी ली और वहां मौजूद व्यक्तियों से पूछताछ की। इस दौरान होटल कर्मचारियों से भी आगंतुकों के पहचान प्रमाण और ठहरने के उद्देश्यों के बारे में जानकारी एकत्र की गई। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि यह चैकिंग अभियान नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है और इसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि पुलिस किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगी और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस नांगल चौधरी क्षेत्र के होटलों की चैकिंग करते हुए होटल स्टाफ के साथ होटलों के कमरों के अंदर तक पहुंची। होटलों में जिन व्यक्तियों ने कमरा किराए पर लिया हुआ था, पुलिस ने उनसे भी पूछताछ की। काउंटर पर कमरे किराए पर देते समय लगाए रजिस्टर की जांच की। थाना प्रबंधक निरीक्षक भगत सिंह ने होटल कर्मचारियों को कमरा किराए पर देते समय रजिस्टर में व्यक्ति का पूरी जानकारी लिखने और उनका पहचान पत्र भी लेने के निर्देश दिए।

## प्राचार्य की हत्या के आरोपितों को मिले कड़ी सजा, डीसी को सौंपा ज्ञापन


नारनौल। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए एसोसिएशन सदस्य।

- हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम दिया मांग पत्र

**नारनौल।** हिसार के करतार मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बास बादशाहपुर के प्राचार्य जगबीर सिंह की निर्मम हत्या के आरोपितों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर शुक्रवार हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन उपायुक्त से मिली। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए इस मांग पत्र में एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष पवन कुमार तंवर ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में निजी विद्यालय हरियाणा प्रदेश को पूरे देश में अग्रणी रखे हुए है। ऐसे में बास बादशाहपुर स्कूल के संचालक (प्राचार्य) की निर्मम हत्या एक व्यक्ति ही नहीं वरन एक संस्था की और शिक्षा जगत की हत्या है। जिसकी प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन बड़े शब्दों में निंदा करती है। जगबीर सिंह के परिवार को न्याय दिलाने की मांग करती है। हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन सरकार से यह भी मांग करती है कि ऐसी व्यवस्था बनें ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति न हो।

## बाल विवाह रोकने के लिए गठित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक

# ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त प्रमाण पत्र मिलेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अतिरिक्त उपायुक्त सुशील कुमार ने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ में सरकार और प्रशासन की सजगता से बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई लगभग समाप्ति पर है। इसके बावजूद भी सभी विभागों के अधिकारी लगातार इस संबंध में विभिन्न स्तर पर जागरूकता अभियान जारी रखें। एडीसी शुक्रवार सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बाल विवाह रोकने के लिए गठित जिला स्तरीय कमेटी की अध्यक्षता कर रहे थे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 को जिला में प्रभावी ढंग से लागू करना और बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में इस कानून को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए सरकार ने बाल विवाह प्रतिषेध (हरियाणा संशोधन) विधेयक 2020 लागू किया है। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी बाल विवाह की सूचना मिले तो उस पर स्वतः संज्ञान लेकर बाल विवाह को रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई की जाए। इसमें पुलिस और बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के दुष्प्रभावों और इसके खिलाफ बने कानूनों के बारे में ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में जागरूकता अभियान जारी रखा जाए। इसमें स्कूलों, पंचायतों और स्थानीय संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित करें। इसके अलावा उन्होंने बताया कि बाल विवाह के संबंध में टोल फ्री नंबर 1098 का प्रचार करें।


नारनौल। बाल विवाह अधिनियम को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी सुशील कुमार। फोटो : हरिभूमि

### बाल विवाह के पीड़ितों की सहायता दें

एडीसी ने निर्देश दिए कि बाल विवाह के पीड़ितों और उनके परिवारों को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और पैनल वकीलों की सहायता लें। उन्होंने बताया कि बाल विवाह से बचाए गए बच्चों की देखभाल, संरक्षण और पुनर्वास सुनिश्चित करना, उनके सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेना भी इसी कमेटी का कार्य है। उन्होंने कहा कि /"बाल विवाह मुक्त गांव/" पहल के तहत ऐसे गांवों और ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त प्रमाण पत्र प्रदान करके उन्हें प्रोत्साहित करें। इस मौके पर जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा ने साल भर चलने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस बैठक में सीएमओ डॉ अशोक कुमार, डीएसपी भारत भूषण, जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005